**बरेली पुलिस**
**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.07.2025**

**थाना बिथरी चैनपुर**

**थाना बिथरी चैनपुर #bareillypolice द्वारा लूट करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, एक अभियुक्त घुटने में गोली लगने से घायल, कब्जे से लूटे गये 02 मोबाइल फोन, 01 बाइक, 2000/- रूपये नकद व 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

जनपद बरेली में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना बिथरी चैनपुर, बरेली मय पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 30.07.2025 को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ को दौरान दो अभियुक्तों 1.गुड्डू उर्फ ताहिर पुत्र जब्बार निवासी ग्राम परेवा कुईया थाना भुता जिला बरेली उम्र करीब 52 वर्ष व 2.बाबू पुत्र बशीर नि0 ग्राम दावीखेडा थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र करीब 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसमें अभियुक्त गुड्डू उर्फ ताहिर उपरोक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ है।

अभियुक्तों द्वारा थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक घटना 24.06.2025 को बेनीपुर की पुलिया के पास से श्री अमित कुमार निवासी खजुरिया सम्पत थाना भुता, बरेली से एक मोटर साइकिल, दो मोबाइल तथा एक टैबलेट व 4000 रूपये लूटा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर मु0अ0सं0-311/25 धारा 309(4)/351(2) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात व्यक्ति के पंजीकृत है, एवं दिनांक घटना 20.07.2025 को ग्राम बेनीपुर सादात के सामने नहर की पुलिया पर श्री शिव मोहन निवासी ग्राम मेहतपुर करोड़ थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली से एक मोटर साइकिल, एक मोबाइल व 5,000/- रूपये आदि लूटा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर मु0अ0सं0-372/2025 धारा 309(6) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात व्यक्ति के पंजीकृत किया गया है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 30.07.2025 को थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम को चैकिंग सदिंग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो अवांछनीय व्यक्ति बेनीपुर सादात के सामने नहर पर मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे हैं, जिनके पास अवैध हथियार भी हैं। प्राप्त सूचना पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में ग्राम बेनीपुर सादात नहर की पटरी के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्तों 1.गुड्डू उर्फ ताहिर पुत्र जब्बार निवासी ग्राम परेवा कुईया थाना भुता जिला बरेली उम्र करीब 52 वर्ष व 2.बाबू पुत्र वशीर नि0 ग्राम दावीखेडा थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र करीब 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त गुड्डू उर्फ ताहिर उपरोक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। इस कार्यवाही में का0 सचिन कुमार भी घायल हुये हैं। मुठभेड़ में घायल अभियुक्त व पुलिसकर्मी को उपचार हेतु सीएचसी बिथरी चैनपुर, बरेली भर्ती कराया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 2000/- रुपये, 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू बरामद हुये हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बिथरी चैनपुर पर धारा 109/3(5) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/4/25/27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.गुड्डू उर्फ ताहिर पुत्र जब्बार नि0 ग्राम परेवा कुईया थाना भुता, बरेली उम्र करीब 52 वर्ष। (घायल)
2.बाबू पुत्र वशीर निवासी ग्राम दावीखेडा थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र करीब 48 वर्ष।

**घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोगः-**

धारा 109/3(5) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/4/25/27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

**बरामदगीः-**

1. एक मोबाईल फोन सैमसंग A35 कम्पनी,
2. एक मोबाईल फोन वन प्लस,
3. एक स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल रजि0नं0 UP25CE9044 सम्बन्धित मु0अ0सं0-311/25 धारा 309(4)/351(2) बीएनएस थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।

4. 2000/- रुपये नकद, सम्बन्धित मु0अ0सं0 372/25 धारा 309(6) बीएनएस थाना बिथरी चैनपुर।
5. एक तमंचा 315 बोर, नाल में फसा हुआ एक खोखा, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक चाकू।

**<u>आपराधिक इतिहासः</u>- अभियुक्त गुड्डू उर्फ ताहिर उपरोक्त–**

1. मु0अ0सं0-452/19 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना नवाबगंज, बरेली ।
2. मु0अ0सं0-028/19 धारा 380,411 भादवि थाना भुता, बरेली।
3. मु0अ0सं0-052/19 धारा 380 भादवि थाना भुता, बरेली।
4. मु0अ0सं0-054/19 धारा 380 भादवि थाना भुता, बरेली।
5. मु0अ0सं0-079/19 धारा 307 भादवि थाना भुता, बरेली।
6. मु0अ0सं0-080/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना भुता, बरेली।
7. मु0अ0सं0-249/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भुता, बरेली।
8. मु0अ0सं0-0214 धारा 394 भादवि थाना नबावगंज, बरेली।
9. मु0अ0सं0-642/13 धारा 379,411 भादवि थाना हाफिजगंज, बरेली।
10. मु0अ0सं0-871/13 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना हाफिजगंज, बरेली।
11. मु0अ0सं0-694/13 धारा 398,399,401,402 भादवि थाना हाफिजगंज, बरेली।
12. मु0अ0सं0-0142/10 धारा 380,511 भादवि थाना नवाबगंज, बरेली।
13. मु0अ0सं0-0478/10 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना नवाबगंज, बरेली।
14. मु0अ0सं0-0162/10 धारा 380,411 भादवि थाना नवाबगंज, बरेली।
15. मु0अ0सं0-268/210 धारा 147,148,149,307 भादवि थाना नवाबगंज, बरेली।
16. मु0अ0सं0-269/10 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना नवाबगंज, बरेली।

**<u>आपराधिक इतिहासः</u>- अभियुक्त बाबू उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0-140/21 धारा 354क,354ख,376,504,506,511 भादवि व 7/8 पॉक्सो थाना नवाबगंज, बरेली।
2.मु0अ0सं0-485/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नवाबगंज, बरेली।

**<u>पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः</u>–**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम दोनों ने अपने साथी सरताज पुत्र शहीद अहमद नि0ग्राम परेवा कुईंया थाना भुता जिला बरेली व लालाराम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम जसौली दिवाली थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत के साथ मिलकर यह दोनों मोबाईल फोन, एक टैबलेट, एक स्पलेण्डर मोटरसाइकिल व 4000/- रुपये नकद, दिनांक 24.06.2025 को शाम के समय बेनीपुर नहर पर एक आदमी से लूटे थे। 4000/- रूपये हम चारों ने आपस मे बांटकर खर्च कर दिये थे। टैबलेट हम लोगों ने शिवम पटेल पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम केशरपुर थाना भुता जिला बरेली को 04 हजार रुपये में बेच दिया था। हम लोगों के पास से जो मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन मिले हैं, यह उसी लूट के है। उसके बाद हम लोगों ने अपने साथी सरताज व लालाराम के साथ दिनांक 20.07.2025 को शाम के समय यही पास में नहर की पटरी पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से उसकी एक मोटरसाइकिल व 5000/- रुपये व एक मोबाइल फोन लूटा था। रास्ते में जाते समय हम लोगों ने मोबाइल फोन को नहर में फेक दिया था। पैसे हम लोगों ने आपस मे बांट लिये थे। हम लोगों के पास से जो 2000/- रूपये मिले है, यह वही हैं। लूटी गई मोटरसाइकिल मेरा साथी लालाराम चलाता था। कल भी शाम के समय हम चारों फरीदपुर के पास लूट करने के लिये गये थे। जिनमें मेरे साथी लालाराम व सरताज को पुलिस ने पकड़ लिये थे, हम लोग किसी तरह वहाँ से भाग गये थे। हम दोनों तमन्चे/कारतूस व चाकू अपने बचाव के लिये रखते है, ताकि जरूरत पडने पर तमंन्चे का इस्तेमाल कर सकें।

**<u>पुलिस टीमः</u>-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रप्रकाश शुक्ल थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
2.श्री सुनील शर्मा, प्रभारी एसओजी प्रथम मय टीम।
3.उ0नि0 श्री बलवीर सिंह थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
4.उ0नि0 श्री बीकेश कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
5.उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
6.हे0का0 16 इस्लाक अहमद थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
7.हे0का0 1188 बिजनेश कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
8.हे0का0 248 प्रभात कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
9.का0 417 सचिन कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
10.का0 1754 गौतम गिरी थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।